# आकाशवाणी शिमला

## 23.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

### मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने कहा–देश में घरेलु गैस की आपूर्ति सामान्य, नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- भाजपा महिला मोर्चा ने शिमला में किया जन आक्रोश रैली व पदयात्रा का आयोजन–कांग्रेस पार्टी पर महिलाओं से विश्वासघात का लगाया आरोप।
- सी.बी.एस.ई. की दसवीं कक्षा की परीक्षा का दूसरा चरण 15 मई से–अंक सुधार के लिए परीक्षा दे सकेंगे विद्यार्थी।
- प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की शिमला में हुई बैठक–प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का दावा–जनविश्वास खो चुकी है राज्य सरकार।

और

- शहरी निकाय चुनावों के लिए प्रशासन ने कसी कमर–चुनाव से जुड़ी शिकायतों के लिए अनेक स्थानों पर कंट्रोल रूम स्थापित।

----------

### पश्चिम एशिया बैठक

केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कल लगभग 12 लाख घरों में सिलेंडर की आपूर्ति की गई और 94 प्रतिशत सिलेण्डरों की आपूर्ति डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड यानि डी.ए.सी का उपयोग करके की जा रही हैं।

### महिला पदयात्रा

विपक्षी दलों द्वारा नारीशक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन न करने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने आज शिमला में जन आक्रोश रैली और पदयात्रा का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य नेताओं ने भी जन आक्रोश रैली में विशेष रूप से हिस्सा लिया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोग दल

परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं और आम महिलाओं को दर किनार कर अपने परिवार की महिलाओं को ही हर क्षेत्र में आगे लाने की मंशा रखते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का विरोध कर कांग्रेस पार्टी ने देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

अपने संबोधन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी व उसके सहयोगी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन न करने देश की 70 करोड़ महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

**सीबीएसई–परीक्षा**

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई द्वारा दसवीं कक्षा की परीक्षा का दूसरा चरण 15 मई से आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं, वे इसे दे सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं। बोर्ड ने दसवीं के लिए पहली मुख्य परीक्षा के परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए थे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एक शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

**रोहड़ू मेला**

शिमला जिले के रोहड़ू में पांच दिवसीय राज्यस्तरीय मेला आज सम्पन्न हो गया। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा इलाके में किए गए विकास कार्यों को निरन्तर आगे बढ़ाया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि रोहड़ू–चिड़गांव सड़क के स्तरोन्नयन कार्य पर 20 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार के अंतिम गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास जारी हैं।

**टैक्सी ऑपरेटर**

कांगड़ा जिले के टैक्सी व ट्रक ऑपरेटरों ने आज अपनी मांगों को लेकर कांगड़ा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने जिले में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और एम.वी.आई. के माध्यम से व्यवसायिक वाहनों के लिए मैनुअल फिटनैस टैस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने टैक्सी व ट्रक ऑपरेटर यूनियनों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

**भाजपा बैठक**

प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप व राज्य पदाधिकारियों की एक बैठक आज शिमला में प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुई। इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सांसद सुरेश कश्यप व सिकंदर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रीकांत शर्मा ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनविश्वास खो चुकी है और भ्रम व झूठे वादों के सहारे चल रही है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम और पंचायती राज चुनावों में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

**कांगड़ा चुनाव**

कांगड़ा जिले में शहरी निकाय चुनावों के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने आज धर्मशाला में बताया कि धर्मशाला व पालमपुर नगर निगम में होने वाले चुनाव के लिए 29 व 30 अप्रैल और 2 मई को नामांकन पत्र भरे जाएंगे। इसके लिए धर्मशाला व पालमपुर के उपमण्डल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

**नाहन चुनाव**

उधर सिरमौर जिले में भी शहरी निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में है और नगर परिषद व नगर पंचायत के लिए शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। चुनाव से जुड़ी शिकायतों के लिए नाहन में कंट्रोल रूम बनाया गया है और अतिरिक्त उपायुक्त एल.आर. वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता को लेकर लोग कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर नकारात्मक मानसिकता का परिचय दिया है। सिकंदर कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री का ही नहीं बल्कि देश की एक सौ 40 करोड़ जनता का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में अपनी हार को देखते हुए अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के दुधली में लगभग 6 करोड़ रूपए से बनने वाली दो सड़कों और दुधली व टूड पंचायतों के सामुदायिक

भवनों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कसुम्पटी क्षेत्र के सभी गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण को लेकर करीब दो करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए।

## सोलन भाजपा मण्डल

नगर निगम क्षेत्र सोलन भाजपा मण्डल ने राज्य चुनाव आयोग से नगर निगम के चुनाव की तिथि बदलने की मांग की है। मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने आज सोलन में बताया कि नगर निगम सोलन में 17 मई को मतदान होना है और उसी दिन सोलन में राधास्वामी सत्संग ब्यास के मुखिया का सत्संग करने का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम भी है। उन्होंने कहा कि इस सत्संग में अन्य राज्यों से भी लाखों लोग आते हैं ऐसे में उस दिन मतदान करवाना सम्भव नहीं है। शैलेन्द्र गुप्ता ने चुनाव आयोग से मतदान की तिथि दो–तीन दिन आगे करने का आग्रह किया है।

## सुरक्षा पैंशन

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन के वितरण को लेकर नियमों में कुछ संशोधन किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि विधवा, परित्यक्त और एकल महिलाओं सहित 40 से 69 फीसदी दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पैंशन के लिए आय सीमा की शर्त को हटा दिया गया है। इसके अलावा ग्राम सभा की स्वीकृति की अनिवार्यता को भी समाप्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्तमान राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन के 99 हजार 7 सौ 99 नए मामलों को मंजूरी प्रदान की है और प्रदेश में कुल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 8 लाख 41 हजार 9 सौ 17 हो गई है।

.........